1650 का मेडिकल चेकअप

पिंजौर। व्हाइट हाउस में अंबाला हेल्थ केयर एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क हृदय, दिमाग एवं बच्चों की जांच का शिविर रविवार को संपन्न हो गया। बाल कल्याण परिषद एवं सोसायटी की उपाध्यक्ष शक्ति रानी शर्मा दोनों दिन विशेष रूप से उपस्थित रहीं। शक्तिरानी शर्मा ने बताया कि कैंप में 1650 लोगों की जांच की गई, जिसमें 455 मरीजों का मुफ्त ईको टेस्ट, 500 की ईसीजी, 200 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। उन्होंने बताया कि मई में मल्टी मेडिकल चेकअप कैंप आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डॉ. त्रेहन मेंदाता दी मेडिसिटी गुड़गांव के डॉक्टरों की टीम एवं चिल्ड्रंस अस्पताल स्वास्तिक विहार पंचकूला के डॉक्टरों ने पिंजौर-कालका में हार्ट चेकअप, दिमाग एवं बच्चों की जांच का कैंप लगाया था।